न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 78/2022 बउनवानी रतनलाल यादव बनाम लो.सू.अधि.एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर पुत्र श्री प्रहलाद यादव निवासी सुनारी तहसील सवाईमाधोपुर

GCMS No-2022/142

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिश्यिल जज
14.9.2022	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने हेतु दिनांक 24.6.2022 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर के कार्यालय में अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गयाः–

1. रामजीलाल सगंत गिरदावर सर्किल सूरवाल के द्वारा 9,18,27 का लाभ लेने बाबत प्रस्तुत सन्तान संबंधी घोषणा पत्र एवं रामजीलाल सगंत की सर्विस बुक की प्रति व शपथ पत्र एवं प्रमोशन आदेश की प्रति एवं प्रमोशन से पूर्व श्री सगंत द्वारा प्रस्तुत सभी शपथ पत्रों की प्रमाणित प्रति चाहिए।
2. रामजीलाल सगंत के वर्तमान कार्य स्थल की उपस्थिति पंजिका की नकल माह अप्रेल,2022 से जून,2022 तक की चाहिए।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी तलबी जरिये नोटिस की गयी।

नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही हुआ। दौराने सुनवायी पैरोकार राजस्व ने कथन किया कि लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार सवाईमाधोपुर के जवाब नोटिस क्रमांक/सूकाअ/2022/6862 दिनांक 8.9.2022 से अवगत कराया कि अपीलान्ट द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 24.6.2022 के बिन्दु संख्या 1 लगायत 2 की सूचना अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया।

पैरोकार राजस्व द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 24.6.2022 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 1 की सूचना मे से प्रमोशन आदेश की प्रति (आंशिक सूचना) तथा बिन्दु संख्या 2 की सूचना के लिए श्री सगंत की दिनचर्या बही इन्सपैक्टर, लैण्ड रिकार्डस सर्किल की माह अप्रेल,2022 से जून,2022 तक की प्रमाणित प्रति तहसीलदार सवाईमाधोपुर द्वारा जरिये पत्रांक 6862 दिनांक 8.9.2022 अपीलान्ट को भिजवायी जा चुकी है। चूंकि बिन्दु संख्या 1 की शेष सूचना व्यक्तिगत सूचना की श्रेणी मे आती है इसलिए अपीलान्ट को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक नही है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसलशुदा [illegible] नम्बर [illegible] हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। [illegible] न्यायालय मे सुनवाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar Ola
Date: 2023.03.17 17:33:22 IST
Reason: SelfAttested

(सुरेश कुमार ओला)
जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर